दिनांक : 01.08.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से "मेक इन इंडिया" उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अतिवृष्टि या बाढ़ प्रभावितों को समुचित राहत पहुंचाने के निर्देश
- मेडिकल में प्रवेश के लिए आज देशभर में कई केन्द्रों पर नीट पीजी परीक्षा
- मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया।

-----------------------------------

प्रधानमंत्री- अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है, इसलिए भारत को अपने आर्थिक हितों के प्रति सजग रहना होगा। कल उत्तरप्रदेश में वाराणसी में कई विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के बाद एक जनसभा में उन्होंने कहा कि इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था कई अनिश्चितताओं और अस्थिरता के दौर से गुज़र रही है और सभी देश अपने हितों पर ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में, नागरिकों का भी यह दायित्व है कि वे स्वदेशी का संकल्प लें। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर वह चीज़ स्वदेशी है जिसमें किसी भारतीय का पसीना और मेहनत शामिल है। उन्होंने देशवासियों को "वोकल फॉर लोकल" का मंत्र अपनाकर "मेक इन इंडिया" उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

-----------------------------------

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अतिवृष्टि या बाढ़ प्रभावितों को कोई भी कठिनाई न आने पाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अतिवृष्टि वाले जिलों में अब तक 3 हजार 628 नागरिकों को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया गया। उन्होंने बताया कि बारिश थमने के साथ कुछ नागरिक अपने-अपने घरों को चले गए हैं। परंतु अब भी 53 राहत शिविरों में 3 हजार 65 प्रभावितों को रखकर उन्हें सभी प्रकार की जरूरी मदद जैसे खाना-पीना दवाइयां कपड़े आदि मुहैया कराए जा रहे हैं। जल्द ही जल्द सर्वे पूरा कर पीड़ितों को उनके नुकसान की समुचित भरपाई की जाएगी। अतिवृष्टि वाले जिलों के कलेक्टर्स द्वारा अब तक 28 दशमलव 49 करोड़ रुपए राहत राशि वितरित कर दी गई है। प्रदेश में अब तक लगातार 711 मिमी वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से 59 प्रतिशत अधिक है। यह सामान्य से अधिक वर्षा भी कम समय में तेजी से हुई है। प्रदेश के कुल 40 जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है, शेष 9 जिलों में सामान्य वर्षा एवं 2 जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई है।

-----------------------------------

शिवराज किसान हित

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अमरीका जैसे देशों के कृषि उत्पादों के सस्ते निर्यात के लिए भारतीय कृषि बाजार के दरवाजे खोलने की कोशिश की गई थी, लेकिन इसे नाकाम कर दिया गया। श्री चौहान ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देकर किसानों के हितों की रक्षा की गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री कल पटना स्थित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में किसानों के साथ एक संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमरीका और भारतीय किसानों के बीच असमानता का मुद्दा उठाया गया।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने लोगों से स्थानीय कारीगरों, स्थानीय व्यापारियों, किसानों और स्वयं सहायता समूहों के स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आग्रह किया।

-----------------------------------

मुख्यमंत्री युवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश और मध्यप्रदेश को विकसित बनाने में हमारे युवाओं को अपनी असीम ऊर्जा का देश और समाज के नवनिर्माण में समुचित उपयोग करना सीखना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को खरगौन में स्थापित अभ्युदय विश्वविद्यालय के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं अन्यजनों को मध्यप्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को उद्यमी और प्रगतिशील किसान भी बनने के बारे में सोचना चाहिए।

-----------------------------------

सड़क सुरक्षा

सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे ने कहा है कि मध्य प्रदेश सड़क हादसों में पूरे देश में दूसरे नंबर पर है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के लिए बिना हेलमेट-सीट बेल्ट के यात्रा, अधिक गति से गाड़ी चलाने को प्रमुख कारण बताया। उन्होने कहा कि खराब इंजीनियरिंग तथा गुणवत्ता हीन सड़कों के निर्माण के लिए संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने नर्मदापुरम में जिले में पिछले 5 वर्षों में हुए हादसों उनके कारण तथा हादसों के दौरान हुई मृत्यु और इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े पहले के मामलों में किए गए सुधार कार्य की जानकारी ली।

------------------------------------

किसान सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का अंतरण कल वाराणसी उत्तर प्रदेश से वर्चुअल किया गया। कलेक्टर कार्यालय इंदौर में आयोजित जिले के मुख्य कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्रीतुलसीराम सिलावट और सांसद शंकर लालवानी उपस्थित थे। वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम से 20वीं किस्त के रूप में देश के 9 करोड़ 70 लाख किसानों को लगभग 20,500 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। प्रदेश में इस योजना में कुल 87 लाख 93 हजार किसानों को लगभग 7,039 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। इंदौर जिले के 75,368 पंजीकृत पात्र किसानों के बैंक खातों में 15 करोड़ 7 लाख 36 हजार रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई।

------------------------------------

नीट परीक्षा

मेडिकल में प्रवेश के लिए आज देशभर में कई केन्द्रों पर नीट पीजी परीक्षा होगी। लगभग ढाई लाख परीक्षार्थी सवेरे 9 बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक एक ही पाली में परीक्षा देंगे। यह परीक्षा कंप्यूटर- आधारित है। परीक्षार्थी को अपने साथ सभी अनिवार्य दस्तावेज ले जाना आवश्यक है। अन्यथा, अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से वंचित किया जा सकता है।

------------------------------------

मौसम

प्रदेश में पिछले दो दिन की राहत के बाद एक बार फिर मानसून सक्रिय हो रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना के साथ अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार राजधानी भोपाल समेत इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे शहरों में हल्की से मध्यम

बारिश हो सकती है। अगले 24 घंटों में ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों में भारी बारिश होने के साथ ही टीकमगढ़, गुना और निवाड़ी सहित कई जिलों में तेज हवाएं चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

-----------------------------------

क्रिकेट- भारत-इंग्लैंड टेस्ट

लंदन में एंडरसन-तेंदुलकर क्रिकेट श्रृंखला के पाँचवें और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन आज इंग्लैंड एक विकेट पर 50 रन से आगे खेलेगा। भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रन का लक्ष्य दिया है। जवाब में, इंग्लैंड ने कल तीसरे दिन दूसरी पारी में एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे।

-----------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मंडला जिले में आज जिला भाजपा कार्यालय में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर एक विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है।
- इंदौर जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत कल आईटीआई नन्दा नगर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले में आयोजित शिविर में कल विद्यार्थियों का रक्तदान की उपयोगिता, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से जुड़ी जानकारियां दी गई।
- जबलपुर जिले में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण ग्राम जटवा में किया गया।
- पन्ना जिले में कल आगामी पर्वों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने खाद्य दुकानो का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के नमूने लिए।

और

- बुरहानपुर जिले में ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर हैप्पी सीडर, सुपर सीडर और स्मार्ट सीडर यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयन लॉटरी पद्वति से किया जाएगा।